# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 20 जनवरी, 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

*********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 20.01.2017 को श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुन्दर विश्वनाथन, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(ले.प.-समन्वय) | सदस्य |
| 2. | श्री कृष्ण कुमार-I, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप-पें) | सदस्य |
| 3. | श्री कृष्ण कुमार-II, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 4. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा.) | सदस्य |
| 5. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी<br>(सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 6. | श्री वी.के.पुरोहित, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 7. | श्री उपेन्द्र कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-समन्वय) | सदस्य |
| 8. | श्री संजीव.जे. बजाज, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-4/7) | सदस्य |
| 9. | श्री विश्वजीत गंडोत्रा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-11) | सदस्य |
| 10. | श्री श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति :

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
2. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
3. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय का स्वागत करने के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1 दिनांक 02 दिसम्बर, 2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 07 दिसम्बर, 2016 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./27 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अत: समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

i) रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियां तथा हिंदी में पत्राचार में वृद्धि :

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में की जा रही हैं एवं हिंदी पत्राचार में वृद्धि हेतु सभी अनुभागों को रिपोर्ट/रिटर्न आदि के अग्रेषण पत्र, सरकारी स्वीकृतियों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में जारी किए जा रहे हैं।

समिति ने सुझाव दिया कि सभी अनुभागों द्वारा हिंदी का आवक-जावक रजिस्टर अनिवार्य रूप से खोला जाए। हस्ताक्षर कर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रजिस्टरों एवं फाइलों पर शीर्षक द्विभाषी रूप में लिखे गए हैं एवं तिमाही रिपोर्ट के आंकड़ें अभिलेख आधारित हैं।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग(स्थानीय))**

ii) प्रोत्साहन-योजना :

वर्ष 2015-16 में प्रोत्साहन-योजना में अधिकारियों/कर्मचारियों की भागीदारी को देखते हुए समिति ने सुझाव दिया कि अधिक से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों को इस योजना में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाए। समिति को सूचित किया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी नए आदेशों के अनुसार सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन मूल रूप में हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन राशि में निम्नानुसार वृद्धि की गई है :

प्रथम पुरस्कार ₹ 5000 (दो पुरस्कार),
द्वितीय पुरस्कार ₹3000 (तीन पुरस्कार) एवं
तृतीय पुरस्कार ₹2000 (पांच पुरस्कार)।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रोत्साहन-योजना के तहत भेजी गई प्रविष्टियां अभिलेख पर आधारित हों।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

iii) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि हिंदी कक्ष में नेमी प्रकृति के कार्य के अतिरिक्त मंत्रालय एवं कार्यालय के विभिन्न अनुभागों से विशिष्ट प्रकार की सामग्री यथा विनियोजन लेखा/अनुवर्ती

कार्रवाई रिपोर्ट/प्रपत्र/परिपत्र/कार्यवृत्त आदि अनुवाद हेतु अत्यधिक संख्या में आते रहते हैं। लेकिन हिंदी कक्ष में तैनात एक लिपिक का अन्य अनुभाग में स्थानांतरण होने एवं एक वरिष्ठ लेखापरीक्षक के सेवानिवृत्त होने के बाद अब केवल 04 अनुवादक ही रह गए हैं जिन्हें इन नेमी प्रकृति के कामों में लगाने से अनुवाद कार्य बाधित हो रहा है। अनुरोध है कि हिंदी कक्ष में एक कार्मिक की शीघ्र तैनाती की जाए।

अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग से इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया।

**कार्रवाई : प्रशा.-4/प्रशा.-8 अनुभाग (स्थानीय)**

**मद सं: 3 जून, 2016 तथा सितम्बर, 2016 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने समिति के जून, 2016 तथा सितम्बर, 2016 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ें प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि निम्नलिखित कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

| **संगठन का का नाम** | **भेजे गए हिंदी पत्रों की प्रतिशतता** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **क क्षेत्र** | | **ख क्षेत्र** | | **ग क्षेत्र** | |
| | 06/16 | 09/16 | 06/16 | 09/16 | 06/16 | 09/16 |
| रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.सं.) मेरठ | - | - | - | - | 90.35% | 85.29% |
| रक्षा लेखा नियंत्रक,(पें.), इलाहाबाद | - | - | - | - | 75.86% | 75.71% |
| रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (नौ.), मुंबई | - | - | - | - | 76.49% | 72.69% |
| रक्षा लेखा नियंत्रक (सी.एस.डी), मुंबई | - | - | - | - | 89% | 85% |
| रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफसर),, पुणे | 95% | 86.67% | - | - | 88.34% | 74.65% |
| रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, बेंगलुरु | - | - | 56.63% | 55.23% | - | - |
| रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई | - | - | 54.1% | 33.6% | - | - |
| रक्षा लेखा नियंत्रक (अनु. एवं वि.), बेंगलुरु | - | - | 59.52% | 56.41% | - | - |
| रक्षा लेखा नियंत्रक (अनु. एवं वि.), हैदराबाद | 62.44% | 62.20% | 62.24% | 62.19% | - | - |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। मुख्यालय कार्यालय में भी कई अनुभाग निर्धारित लक्ष्य से अभी पीछे हैं।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि हिंदी में अधिकाधिक कार्य हो।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 13 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 23 आशुलिपिकों को तथा 13 हिंदी लिपिकों का ज्ञान प्राप्त है। शेष 01 आशुलिपिक 'हिंदी आशुलिपि' हेतु को अगले सत्र में नामित किया जाएगा तथा केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमटीएस से पदोन्नत हुए लिपिकों में से 04 लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है। सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से लिपिकों को प्रशिक्षण देने में बहुत सकरात्मक परिणाम मिलें हैं।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर संतोष प्रकट किया और आदेश दिया कि हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से भी सभी लिपिकों को प्रशिक्षित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या : 5 हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि

i) दिनांक 15.12.2016 एवं 16.12.2016 को मुख्यालय कार्यालय के लेखापरीक्षकों/लिपिकों के लिए संघ की राजभाषा नीति, टिप्पण आलेखन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, प्रोत्साहन योजनाएं आदि से संबंधित हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे प्रतिभागियों ने बहुत ही उपयोगी बताया।

ii) कार्यालय के अनुभागों के अधिकतर कंप्यूटरों में यूनिकोड लोड किया गया है जिससे फोंट में एकरुपता आई है तथा इसके सरल प्रयोग को देखते हुए कार्मिकों में उत्साहजनक परिणाम देखने को मिला है। इसी क्रम में यूनिकोड के माध्यम से कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग कार्य करने हेतु अगली कार्यशाला आयोजित करने का कार्यक्रम है।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक ने शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को ओ.टी.सी., गुरूग्राम मे यूनिकोड के माध्यम से कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग कार्य करने हेतु कायर्शाला के आयोजन करने का निदेश दिए।

साथ ही प्रशासन अनुभाग को भी निर्देश दिए कि कार्यशाला में भाग लेने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को कार्यालय से ओ.टी.सी., गुरुग्राम जाने-आने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाए।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/प्रशा-5 अनुभाग)**

**मद संख्या: 5 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति :**

संवर्ग समीक्षा के उपरांत हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | **स्वीकृत पद** | **भरे गए पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 13 | 24 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 56 | 14 |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

i) तदर्थ (Adhoc)हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन(Reversion) के उपरांत सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 पद रिक्त हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक(रा.भा.) के भर्ती नियम से संबंधित प्रस्ताव प्रशिक्षण एवं कार्मिक विभाग के पास विचाराधीन है।

अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिया कि इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने हेतु प्रयास किए जाए ताकि कार्य को शीघ्र अंतिम रूप दिया जा सकें।

ii) कनिष्ठ अनुवादकों के लगभग 56 पद भरे हुए हैं। कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में कर्मचारी चयन आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोग से डोजियर प्राप्त हुए थे। 16 कनिष्ठ अनुवादकों के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अब कनिष्ठ अनुवादकों के 14 पद रिक्त हैं।

अध्यक्ष महोदय ने संबंधित प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि को रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिए।

**(कार्रवाई : प्रशा-2/प्रशा-8(स्थानीय))**

**मद संख्या : 6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25 % लक्ष्य (कुल 08 कार्यालय) की प्राप्ति हेतु रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, नई दिल्ली, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अनु. एवं वि.), हैदराबाद, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद तथा प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.), कोलकाता का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जा चुका है । कुल 10 कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना है। जबलपुर, पटना, (अनु. एवं वि.), नई दिल्ली तथा पुणे स्थित दो कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना अभी शेष है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या : 7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वित्तीय वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय, आयुध निर्माणी, मुरादनगर | 06.06.2016 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, शिमला | 08.06.2016 | |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा (सेना), शिमला | 09.06.2016 | संबंधित कार्यालय से अनुवर्ती कार्रवाई प्राप्त हो चुकी है, जिसे समीक्षा के उपरांत आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित कार्यालय को वापस भेज दिया गया है। |
| 4. | लेखा कार्यालय, सहायक दुर्ग अभियंता, मनाली | 15.06.2016 | निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु आश्वासन भेज दिए गए हैं। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, 'जी' ब्लॉक, नई दिल्ली | 17.06.2016 | संबंधित कार्यालय से अनुवर्ती कार्रवाई प्राप्त हो चुकी है, जिसे समीक्षा के उपरांत आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित कार्यालय को वापस भेज दिया गया है। |
| 6. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) जी.आर.सी., लैंसडाउन | 22.10.2016 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 7. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) के.आर.सी., रानीखेत | 24.10.2016 | |
| 8. | लेखा कार्यालय (नौ सेना), गोवा | 31.12.2016 | |
| 9. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (सेना) औरंगाबाद | 19.01.2017 | |

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या : 8 अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषय : 'ई' पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' का प्रकाशन**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि अभी 'ई' पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' में प्रकाशनार्थ पर्याप्त मात्रा में स्तरीय रचनाएं प्राप्त नहीं हुई हैं।

इस संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम पर्याप्त मात्रा में स्तरीय रचनाएं मंगवा ली जाएं। तत्पश्चात हिंदी पखवाड़े के अवसर पर 'रक्षा लेखा भारती' के 'ई' प्रकाशन पर विचार किया जाए।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**